# अवैध कॉलोनियों को लेकर प्रशासन का कड़ा रुख जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त रूख अपनाया हुआ है, प्रशासन की सख्ती दूसरे दिन भी जारी रही तथा श्योपुर एवं बडौदा की अवैध कॉलोनियों में जेसीबी के माध्यम से रास्तों को अवरूद्ध करने तथा बनाई गई सीसी रोड को हटाने का

**दूसरे दिन भी श्योपुर एवं बड़ौदा में अवैध कॉलोनियों पर चली जेसीबी**

कार्य किया गया। दूसरे दिन लगभग 07 अवैध कालोनियों पर कार्यवाही की गई है। अवैध कॉलोनियों में आम व्यक्तियों द्वारा प्लाट खरीदने के बाद उन्हें हो रही परेशानियों के चलते प्रशासन की कार्यवाही जारी है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा कहा है कि ऐसे अवैध कॉलोनाईजर जो बगैर पंजीयन एवं बगैर अनुमति लिये कॉलोनियां काटने का कार्य कर रहे है, उन पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि ऐसे अवैध कॉलोनाइजर आमजन को अपनी कॉलोनी की वैधता के बारे में कोई जानकारी नही देते है और उनमें उनको प्लाट क्रय कर देते है, जिससे आम लोगों को बाद में परेशानी का सामना करना पडता है। आये दिन जनसुनवाई सहित अन्य माध्यमों से अवैध कॉलोनियों के मामले संज्ञान में आते रहे है, सबसे ज्यादा परेशानी आम लोगों को होती है, जो इन कॉलोनियों के प्लाट खरीद लेते है, लेकिन कॉलोनी वैद्य नही होने से उन्हें बिजली, पानी, सडक आदि की सुविधाएं नही मिल पाती है, बगैर डायर्वसन तथा अन्य अनुमतियों के नामांतरण नही हो पाते है, लोगो के मकान के लिए आवास ऋण भी नही मिलता है, ऐसे में आम नागरिको को परेशानी का सामना करना पडता है। कॉलोनी वैद्य रूप से विकसित की जाये तो नागरिक सुविधाओं का लाभ प्लाट खरीदने वालों को मिलता है।



**श्योपुर में 4 अवैध कॉलोनियों पर हुई कार्यवाही :** लेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देश पर तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा द्वारा राजस्व टीम के साथ आज 4 कॉलोनियों पर कार्यवाही की गई तथा अवैध कॉलोनियों में बनाये गये मार्गो, रास्तों को अवरूद्ध किया गया। इसके साथ ही जिन कॉलोनियों में सीसी रोड बनी थी, उन्हें भी नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा ने बताया कि ग्राम बगवाज के सर्वे क्रमांक 78/2/1 में नीतू पत्नि रोशनलाल मित्तल तथा सपना पत्नि सुरेन्द्र पारशर वगैरहा द्वारा 0.637 हेक्टयर में तथा सर्वे क्रमांक 386 रकबा 0.471 हेक्टयर एवं सर्वे क्रमांक 385/1 रकबा 0.763 हेक्टयर में अतेन्द्र पुत्र अमृत गुर्जर द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी गई थी तथा मिट्टी एवं गिट्टी डालकर रोड बनाये गये थे, जिन्हें जेसीबी से नष्ट करने की कार्यवाही की गई है।

इस प्रकार नवीन नगरपालिका भवन के पास मनोज मित्तल एवं अन्य द्वारा सर्वे क्रमांक 603 में 1.108 हेक्टयर भूमि में अवैध कॉलोनी काटी गई थी, उक्त कॉलोनी में भी जेसीबी के माध्यम से रास्तों एवं सडक को नष्ट कराने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि ग्राम जैदा में लिंक रोड पर राधा गुप्ता पत्नि कैलाश गुप्ता द्वारा सर्वे क्रमांक 75/1/1/1 रकबा 0.580 हेक्टयर भूमि में अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी में भी कार्यवाही करते हुए सीसी सडक को हटाने की कार्यवाही की गई। श्रीमती मनीषा मिश्रा ने बताया कि गत दिवस भी तीन अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की गई, जिनमें कॉलोनाईजर गिर्राज गुप्ता सहित वासुदेव गोयल एवं सत्यनारायण माली द्वारा काटी गई कॉलोनियों पर कार्यवाही की गई थी। उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनाईजरों की पहचान करते हुए उनके तथा उनके परिजनो के नाम से जगह-जगह काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

**बडौदा में 3 अवैध कॉलोनियों पर चली जेसीबी**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देश पर बडौदा में भी अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की गई है। कस्बा बडौदा के भूमि सर्वे क्रमांक 3388/1/2 में कुंजबिहारी मंगल निवासी श्योपुर द्वारा 0.836 हेक्टयर भूमि में बगैर किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के आवासीय कॉलोनी काटी गई है। इसी प्रकार बंशीलाल सुमन द्वारा के नाम दर्ज कस्बा बडौदा की भूमि सर्वे क्रमांक 4006/1/2/2 रकबा 0.2120 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 4010/1/2 रकबा 0.104 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 4011/1/2/2 रकबा 0.1935 हेक्टयर, सर्वे 4012/1/4/2/2 रकबा 0.1513 हेक्टयर कुल कीता 4 कुल रकबा 0.6608 हेक्टयर भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी काटकर भू-खण्ड के विक्रय किये जा रहे है। बडौदा के भूमि सर्वे क्रमांक 3971/2 रकबा 0.865 हेक्टयर भूमि जो कि वर्तमान अभिलेख में गौरव जाति वैश्य एवं अन्य के नाम दर्ज है, उक्त भूमि पर कच्ची रोड डालकर अवैध कॉलोनी काटी गई है और भू-खण्डो का विक्रय किया जा रहा है। आरआई दिव्यराज धाकड ने बताया कि उक्त सभी अवैध कॉलोनियों में बनाये गये रास्तों और कच्ची सडको को जेसीबी चलाकर नष्ट करने की कार्यवाही की गई है।



## केन्द्रीय विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन

**श्योपुर, 25 दिसंबर।** ।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर द्वारा कॉलेज चलो अभियान के तहत पीएम केंद्रीय विद्यालय, श्योपुर में भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा कार्यक्रम नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को इस हेतु ऑनलाइन प्रवेश एवं एनईपी- 2020 के अन्तर्गत विषय चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। टीम संयोजक एवं समस्त सदस्यों ने शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय में विभाग द्वारा संचालित 2 विशेष विषयों श्भू-गर्भ शास्त्र व सांख्यिकीश् के साथ-साथ सभी पाठ्यक्रमों, शासन की विभिन्न योजनाओं, कौशल व व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं व जॉब सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए संचालित स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ, छै इकाई व महाविद्यालय में उपलब्ध महत्वपूर्ण संसाधनों व अन्य जानकारी से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।

# नीति आयोग की सेंट्रल प्रभारी ने किया विजयपुर क्षेत्र का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 दिसम्बर।** नीति आयोग भारत सरकार की ओर से श्योपुर के लिए नियुक्त सेंट्रल प्रभारी डॉ करूणा कुमारी ने द्वारा आज श्योपुर जिले के आकांक्षी विकासखंड विजयपुर का भ्रमण कर आंनगबाडी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, विद्यालयों आदि जायजा लिया।



इस दौरान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार में दिए जाने वाले ट्रीटमेंट एवं दवाइयां के बारे में जानकारी ली और दवाइयां देखी गई तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राघवेंद्र करण को दिए गए।

शासकीय हाई स्कूल आगरा में बच्चों का पुस्तकालय लाइब्रेरी का निरीक्षण कर अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए, इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला आदि का भी अवलोकन किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ग्राम अगरा में धोरट बाबा स्वसहायता समूह द्वारा संचालित स्पेलर मशीन एवं आटा मिल का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से चर्चा की गई। आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित बच्चों से शैक्षिणक संवाद करते हुए गिनती सुनी, जिसमें बच्चों के द्वारा एक से लेकर 20 तक गिनती सुनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

आकांक्षी विकासखंड विजयपुर में भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयपुर ऑफिसर सिंह गुर्जर, जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, आकांक्षी विकासखंड फेलो सुश्री दीपांशी जादौन आकांक्षी विकासखंड फेलो अखिलेश तोमर, खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, कृषि अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी महिलाएं एव बाल विकास, एनआरएलएम आदि के अधिकारी उपस्थित थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया ग्रामों का भ्रमण, सरपंच को नोटिस जारी करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बगवाज, अभयपुरा, रामपुरा डांग का भ्रमण करते हुए स्कूल, आंगनबाडी, केन्द्रो सहित अन्य कार्यो का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान रामपुरा डांग में निर्माणाधीन आंगनबाडी भवन में गुणवत्ताहीन कार्य पाये जाने तथा वर्तमान में कार्य बंद मिलने के साथ ही प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाडी परिसर की बाउन्ड्रीवॉल अपूर्ण होने के चलते संबंधित पंचायत सेमल्दा हवेली के सचिव पप्पू आदिवासी को पंचायतराज अधिनियम की धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव सेवा नियम 1999 के नियम 4 व 5 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। इसी के साथ ग्राम पंचायत सेमल्दा हवेली की सरपंच श्रीमती भगवती आदिवासी को धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर धारा 40 के तहत नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किये। शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुरा डांग के निरीक्षण के दौरान मैन्यू अनुसार मध्यान्ह भोजन नही पाये जाने तथा चूल्हे पर खाना पकाने के संबंध में संबंधित भारती स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।



## एक नजर में

### गुम हुए मोबाइल पुलिस ने ट्रेस कर फरियादियों को किए सुपुर्द

**इन्दरगढ़, 25 दिसम्बर।** थाना भगुवापुरा पुलिस द्वारा गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रेस करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना भगुवापुरा क्षेत्र के दो मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए गए। आवेदक विजय करण राजपूत पिता वंश गोपाल राजपूत निवासी रामपुरा खुर्द का वीवो ट15 प्रो मोबाइल कीमत ?21ए000 तथा आवेदक दिनेश राजपूत पिता कालीचरण राजपूत निवासी भगुवापुरा का पफ्व् कंपनी का मोबाइल कीमत ?19ए000 गुम होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। थाना भगुवापुरा पुलिस द्वारा ब्म्स् पोर्टल के माध्यम से सर्च कर दोनों गुम मोबाइल फोन को ट्रेस किए गए तथा वैधानिक कार्यवाही उपरांत संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किए गए आवेदकों ने श्रीमान पुलिस अधीक्षक दतिया श्री सूरज कुमार वर्मा एवं थाना भगुवापुरा पुलिस स्टाफके प्रति आभार व्यक्त किया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भगुवापुरा शाकिर अली खानए प्रधान आरक्षक कप्तान सिंहए आरक्षक हरिमोहन, आरक्षक संजय राठौर एवं आरक्षक संदीप राजावत की सराहनीय भूमिका रही।





### पेपर बैग मेकिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**इंदरगढ़।** शासकीय महाविद्यालय में संचालित इको क्लब इकाई के तहत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला में दो दिवसीय पेपर बैग मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी द्वारा मां सरस्वती की वंदना से किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्रध् छात्राओं को पर्यावरण को बचाने के लिए किस प्रकार पॉलिथीन रहित पेपर बैग बनाकर सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह बताया गया साथ ही आदिकाल से मानव ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर के अपना वातावरण बनाया है यह विचार भी प्रस्तुत किए तथा छात्र छात्राओं को पर्यावरण को बचाने के लिए इको क्लब के माध्यम से जो मुहिम चलाई जा रही है उसकी सराहना की ।कार्यक्रम में दे प्रभारी डॉ मुकेश कुमार मौर्य कार्यक्रम संचालक स्पोर्ट ऑफिसर श्री राघवेंद्र सिंह यादव इको क्लब प्रभारी डॉ शवाना बानो के निर्देशन में छात्र ध्छात्राओं ने पेपर से विभिन्न प्रकार के बैग बनाए ।कार्यक्रम में अन्न महाविद्यालय स्टाफ़तथा छात्र .छात्राएं उपस्थित रहे।



### 45 लीटर हाथ भट्टी अवैध मदिरा जब्त

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा में मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरबार के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि आबकारी वृत कराहल के ढेंगदा, करई एवं सारसरला क्षेत्र में दबिश देकर आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किये गये, लगभग 45 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 1000 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 109000 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री निधि जैन, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोक सिंह रावत, विकास श्रीवास्तव एवं अन्य आबकारी बल उपस्थित रहा।

### इंदरगढ़ नगर में लगा जाम

**इंदरगढ़।** नगर के ग्वालियर चौराहे पर ठेकेदार द्वारा धीमी गति सड़क निर्माण होने के कारण ग्वालियर चौराहे से मेंन बाजार बावड़ी सरकार मंदिर तक जाम की स्थिति बनी हुई है सेवडा इंदरगढ़ आ रहे एसडीएम की गाड़ी भी जाम में फंस गई पैदल पैदल उन्होंने सब्जी मंडी से लेकर ग्वालियर चौराहे तक निरीक्षण किया।

# अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर-ट्रॉली चोर को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 25 दिसम्बर।** इन्दरगढ़ पुलिस अधीक्षक दतिया श्री सूरज कुमार वर्माए श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दतिया श्री सुनील कुमार शिवहरे तथा एसडीओपी दतिया श्री अजय चानना के कुशल मार्गदर्शन में थाना भगुवापुरा पुलिस ने अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर.ट्रॉली चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



घटना विवरण को आवेदक राहुल जाटव पिता अशोकए उम्र 28 वर्षए निवासी दतिया ;सेंवढा रोडए भगुवापुराद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराई दोपहर लगभग 02ण्00 बजे वह अपनी ट्रैक्टर.ट्रॉली तीन लोगों के साथ भाड़े पर लेकर गया था। बिलौआ के पास खाना खाने के दौरान उक्त व्यक्तियों ने आवेदक को प्रसाद के रूप में बेहोशी की दवा खिला दी तथा उसका ट्रैक्टर.ट्रॉली चुरा कर ले गए। रिपोर्ट पर से थाना भगुवापुरा में अपराध क्रमांक 56ध्2023 धारा 328ए 379ए 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पुलिस कार्यवाही दिनांक 23ण्12ण्2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना भगुवापुरा पुलिस द्वारा ग्राम रमुआपुरए थाना रामपुर मथुराए, जिला सीतापुर ;उत्तर प्रदेशद्ध से आरोपी राजमल गुप्ता पुत्र भगौती, उम्र 39 वर्ष, निवासी रमुआपुर, थाना रामपुर मथुरा, जिला सीतापुर ;उण्प्रण्द्ध को ग्राम प्रधान के घर के बाहर से विधिवत घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय सेवढ़ा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।सराहनीय भूमिका . उप निरीक्षक शाकिर अली खानए थाना प्रभारी भगुवापुराए आरण् हरिमोहन कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

# भाजपा ग्रामीण मंडल ने मनाया अटल स्मृति पर्व

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 25 दिसम्बर।** इंदरगढ़ द्वारा सेंवनी सरकार मंदिर लक्ष्मणपुरा पर अटल स्मृति पर्व का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सेवाड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल

**अटलजी महानायक थे प्रदीप अग्रवाल**

उपस्थित रहे यहां प्रदीप अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी वास्तव में एक महानायक थे वे राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ समर्पण भाव के लिए जाने जाते हैं।




उन्होंने सत्ता पाने के लिए कभी भी कोई अनैतिक मार्ग नहीं अपनाया वे एक कुशल राजनीतिक एकविए पत्रकार एवं वक्ता के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया आपातकाल की समय वह जेल भी गये ए जब वे देश के प्रधानमंत्री के रूप में आसीन हुए तो उन्होंने देश के विकास के लिए बहुत सारे योगदान दिए किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना चलाकर किसानों को साहूकारों के चंगुल से छुड़ायाए तो दूसरी ओर उन्होंने ग्राम वासियों को ग्रामों से शहर की ओर जाने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना चला कर पक्की सड़कों से ग्रामों को जोड़ाए एवं नदियों को जोड़कर किसानों को सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध करवाये ऐसे थे हमारे यशस्वी पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल जी एजो सदैव हमारे दिल में रहेंगे ए उनके समर्पण भाव से पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को सीख लेनी चाहिए ।

कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी राजपूत के अलावा भाजपा कार्यकर्ता अनूप दांतरेए शोभाराम पटवा, कालीचरण लोधी, बल बहादुर सिंह राजपूत, हरनारायण सेन, बबलू गुर्जर, महेंद्र यादव, जितेंद्र रावत, सुशील श्रीवास्तव, गिरवर सिंह कमरिया, रमाशंकर पाठक, नारायण दास झा, अजब सिंह यादवए राजेंद्र सिंह चौहान, अजमेर सिंह गुर्जर, बलवीर कुशवाहा, खेमराज कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।

# थाना थरेट पुलिस ने नाबालिग अपहृता को डबरा जिला ग्वालियर से किया बरामद

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 25 दिसम्बर।** इंदरगढ़ पुलिस अधीक्षक दतिया श्री सूरज वर्मा के निर्देशन में नाबालिग गुम बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है।

**इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रोनिक्स सामान का थोक व्यवसाय कर आय एक लाख तक पहुंची**

उक्त अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे व एसडीओपी सेवढा श्री अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थरेट एवं पुलिस स्टाफ व्दारा अपह्रत नाबालिग बालिका को ऑपरेशन मुस्कान के तहत डबरा जिला ग्वालियर से दस्तयाव किया। घटना का संक्षिप्त विवरण:. को फरियादी के द्वारा अपनी नाबालिग के बिना बताये घर से कहीं चले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी ।जिसमें पुलिस द्वारा संदेही समीर निवासी शरणागत डबरा के विरुद्ध धारा.137 ;2द्ध बीण्एनण्एसण् के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया ।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**

फरियादी के द्वारा की गई रिपोर्ट पर थाना प्रभारी थरेट द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर तत्काल त्वरित कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा विवेचना अनुक्रम में अपहृता को घटना दिनांक के पश्चात से लगातार वैज्ञानिक रीति से अनुसंधान कर तलाश पतारसी की गई । मुखविर सूचना के आधार पर नावालिक को डबरा जिला ग्वालियर से दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया । सराहनीय भूमिका :. उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी थरेट उनिण् अरविन्द सिंह भदौरिया प्रआरण् 393 सुरेन्द्र शर्माए आरण् 771 रविकान्त आरण् 812 अंकित की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# खेलने से मानसिक व शारीरिक विकास होता है : अग्रवाल

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 25 दिसम्बर।** इन्दरगढ़ के कामद रोड पर मेरा युवा भारत दतिया युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ द्वारा कामद रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समूह पुरुष वर्ग मे वॉलीबॉल समूह महिला वर्ग मे रस्सी खींच व एकल मे 100 मीटर 200 मीटर दौड़ व गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया ग्या।




कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका वर्ग गोला फेक के साथ किया गया जिसमें ऋतु यादव प्रथमए रागिनी नरवरिया द्वितीय एवं छायाजाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालक वर्ग गोला फेक में बलबन पाल ने प्रथम स्थान रोहित पांडे द्वितीय स्थान शिव प्रताप भदोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रिंसी प्रथम नैंसी द्वितीय ए एवं राधिका जाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालक वर्ग 200 मी दौड़ में अरुण धाकड़ प्रथमए द्वितीय स्थान सत्यम बघेल ए तृतीय स्थान पर मनीष बघेल रहे। वहीं वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में शासकीय आईटीआई कॉलेज इंदरगढ़ ने 2.1 से सांदीपनि विद्यालय इंदरगढ़ को हराकर विजेता बने वही रस्सी खींच महिला वर्ग मैं शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ ने एसएस कोचिंग क्लब को हराकर विजेता बनी ।

कार्यक्रम के समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि सेवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ निलया गोस्वामीए संदीपनी विद्यालय प्राचार्य जितेंद्र कुमार समाधियाए कीड़ा अधिकारी राघवेंद्र सिंह यादव का शहीद भगत सिंह युवा मंडल के सदस्यों द्वारा मालार्पण एवं सोल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन में हमें खेल को अपनाना होगा क्योंकि खेलों से ही हमारे शरीर का विकास होता है और हमारा स्वास्थ्य हमेशा सही रहता हैं हमारे भारत कि केंद्र सरकार के साथ.साथ मध्य प्रदेश सरकार वे युवाओं को खेल के लिए प्रेरित कर रही है और उनके हौसलों को नए पंख दे रही है ।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों द्वारा समूह खेल प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल पहनकर और ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये एवं अन्य सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और शील्ड मोमेंट प्रदान किए गए।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में कोच जयदीप नामदेव कोच गौरव गुर्जरए राम हजूर कुशवाहा सतीश कुशवाहा एवं यादवेंद्र सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए शहीद भगत सिंह युवा मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर सेरसा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओ को जिला स्तर प्रतियोगिता मे भाग लेने का मौका मिलेगा व जिला स्तरीय विजेता को राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करने का मौका मिलेगा।